पत्रांक–09 / स्था0–21–15 / 2025 सा0प्र0....3957....... /

बिहार सरकार
सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

राज किशोर तिवारी,
सरकार के अवर सचिव

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना
पुलिस महानिदेशक / महानिरीक्षक, बिहार, पटना
महाधिवक्ता का कार्यालय, बिहार, पटना
सभी प्रमण्डीय आयुक्त
सभी आयोग के सचिव, बिहार, पटना
मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना

ई–मेल
स्पीड पोस्ट

पटना, दिनांक–25.2./2026

विषय :– अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था नियमावली, 2023 के प्रावधानों के आलोक में बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा के निम्नवर्गीय लिपिक को उच्चवर्गीय लिपिक के पद का उच्चतर प्रभार देने के संबंध में

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–19300, दिनांक–13.10.2023 द्वारा परिचारित अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था नियमावली, 2023 के प्रावधानों के आलोक में बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा के निम्नवर्गीय लिपिक को उच्चवर्गीय लिपिक के पद का उच्चतर प्रभार देने की कार्रवाई की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि निम्नवर्गीय लिपिक (वेतन स्तर–2) से उच्चवर्गीय लिपिक (वेतन स्तर–4) में प्रोन्नति हेतु न्यूनतम कालावधि 07 वर्ष है, जिसे 50 प्रतिशत अर्थात् 03 वर्ष 06 माह क्षांत कर उच्चतर पद का प्रभार दिया जाना है।

अतएव अनुरोध है कि बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा के वैसे निम्नवर्गीय लिपिक जिन्होंने निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर 03 वर्ष 06 माह कालावधि पूर्ण कर ली हो उनकी सेवा संबंधी सूचना, आरोप स्थिति एवं विगत 05 वर्षों की गोपनीय चरित्री संबंधित प्रतिवेदन संलग्न विहित प्रपत्र 'क' में 15 दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक–प्रपत्र–'क' (सेवा / आरोप / चरित्री संबंधी विहित प्रपत्र)

विश्वासभाजन,
25/02/26
(राज किशोर तिवारी),
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक:–09 / स्था0–21–15 / 2025, सा0प्र0....3957..... पटना–15, दिनांक–....25.2......2026

प्रतिलिपि:–आई0टी0 मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के अवर सचिव

अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था नियमावली, 2025 के तहत बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा के निम्नवर्गीय लिपिकों को उच्च वर्गीय लिपिक के पद का कार्यकारी प्रभार दिये जाने संबंधी विहित प्रपत्र :–

विभाग/कार्यालय का नाम :–...

क्र0 सं0	वरीयता क्रमांक	निम्नवर्गीय लिपिक का नाम	निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर योगदान की तिथि	आरक्षण कोटि	हिन्दी टिप्पण प्रारूपण परीक्षा उत्तीर्णता की तिथि	कम्प्यूटर सक्षमता जाँच परीक्षा में उत्तीर्णता की तिथि	सेवा सम्पुष्टि की तिथि	निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर कार्यरत कालावधि	आरोप की स्थिति	विगत 05 वर्षों की गोपनीय चरित्री (वर्षवार)	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12

विभाग/कार्यालय स्थापना के वरीय प्रभारी का हस्ताक्षर